आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

भारत और फिजी ने स्वास्थ्य एवं मानकीकरण, क्षमता निर्माण तथा कई बड़ी परियोजनाओं के संबंध में सात समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाऊस में फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद उन्होंने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है।

भारत और फिजी के बीच आत्मीयता का गहरा नाता है। उन्नीसवीं सदी में भारत से गए साठ हजार से अधिक गिरमिटिया भाई–बहनों ने अपने परिश्रम और पसीने से फिजी की समृद्धि में योगदान दिया है। फिजी की रामायण मंडली की परंपरा इसी का जीवंत प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में सहयोग और समर्थन के लिए फिजी सरकार का आभार जताया। उन्होंने घोषणा की कि फिजी यूनिवर्सिटी में हिंदी और संस्कृत पढ़ाने के लिए भारतीय शिक्षक भेजा जायेगा। वहीं फिजी के पंडित भी भारत आकर प्रशिक्षण लेंगे।

****

गृह मंत्री अमित शाह ने एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में, उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जेल में रहते हुए भी सरकार बनाने और चलाने की कोशिश कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस विधेयक के तहत प्रधानमंत्री पद को लाने पर जोर दिया था।

आज भी भारत के जन प्रतिनिधित्व कानून जो है उसके अंदर प्रावधान है, किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को दो साल या इससे अधिक समय के लिए सजा होता है तो वो अपने स्थान से मुक्त हो जाएंगे, सांसद के रूप में। अब उस पर हाईकोर्ट की अपील बाकी है इस पर सुप्रीम कोर्ट की अपील बाकी है। मगर एक मॉरल ग्राउंड तय करने के लिए कानून आजादी मिली तब से बना है।

****

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का आज लखनऊ में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शुभांशु शुक्ला और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप कैप्टन की असाधारण उपलब्धि नई पीढ़ी को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

****

इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अपने गृह शहर लखनऊ आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल और स्कूली बच्चों ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर सुबह उनका स्वागत किया। इसके बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने माता–पिता,पत्नी और महापौर के साथ विक्ट्री परेड निकाली। इस परेड का कई स्थानों पर लोगों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। वह अपने विद्यालय सिटी मांटेसरी स्कूल भी पहुंचे जहां स्कूली छात्र–छात्राओं और उपस्थित जनसमूह ने उनका स्वागत किया। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने स्कूल के विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत सुंदर दिखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान अंतरिक्ष से लिए गए भारत के दृश्य उन्होंने उन्हें दिखाया था। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत का भविष्य स्वर्णिम है।

मुझे लगता है कि बहुत गोल्डेन पीरियड है और आगे आने वाले सालों में हम आप कई सक्सेसफुल मिशन देखेंगे, जब भारत की धरती से, भारत के नौसैनिक फील्ड से, भारत के कैप्सूल से कोई भारतीय ऊपर स्पेस में जाएगा।

शुभांशु शुक्ला हाल ही में एक्सिओम–फोर मिशन पूरा कर भारत लौटे हैं। वह अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री है। मिशन के दौरान उन्होंने साठ से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग किये।

****

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के चौवालिसवें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एक सौ इकसठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किया। उन्होंने तीन सौ एक विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

****

प्रदेश के बुलंदशहर जिले में कल देर रात हुए सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 45 लोग घायल हैं। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या चौंतीस पर घटाल गाँव के पास उस समय हुआ, जब एक कंटेनर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर–ट्राली सवार गोगाजी के यह सभी श्रद्धालु कासगंज जिले से राजस्थान स्थित गोगामेड़ी जा रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपए और घायलों को पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

****